Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 3 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**D**

# M.Ed. (First Semester) Examination, March/April-2021-22

# (M.Ed. 104)

# Research Methods in Education (General Perspectives)

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**663**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉंति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

**Rough Work / रफ कार्य**

1. Sampling method for heterogeneous population is :
   (A) Stratified Sampling
   (B) Purposive Sampling
   (C) Systematic Sampling
   (D) Dimentional Sampling

2. What is the proper method of collecting facts about the behaviour of a person ?
   (A) Diary
   (B) Inquiry with relatives
   (C) Government Data
   (D) Direct observation

3. Snow ball sampling method is similar to :
   (A) Dimentional sampling
   (B) Cluster sampling
   (C) Stratified sampling
   (D) Random sampling

4. Probability Sampling Method is :
   (A) Random
   (B) Purposive
   (C) Quota
   (D) Convenience

5. A sample can be :
   (A) Heterogeneous
   (B) Homogenous
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above

1. विजातीय जनसंख्या के लिये उपयुक्त प्रतिदर्श चयन विधि है :
   (A) स्तरित प्रतिदर्श चयन
   (B) सोद्देश्य प्रतिदर्श चयन
   (C) व्यवस्थित प्रतिदर्श चयन
   (D) विभात्मक प्रतिदर्श चयन

2. किसी व्यक्ति के व्यवहार के विषय में तथ्य एकत्रीकरण की सही विधि क्या है ?
   (A) डायरी
   (B) सम्बन्धियों से पूछताछ
   (C) सरकारी आंकड़े
   (D) प्रत्यक्ष निरीक्षण

3. स्नोबॉल प्रतिदर्श चयन विधि किस विधि के समान है :
   (A) विभात्मक प्रतिदर्श चयन विधि
   (B) गुच्छ प्रतिदर्श चयन विधि
   (C) स्तरित प्रतिदर्श चयन विधि
   (D) यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि

4. संभाव्यता पर आधारित प्रतिदर्श चयन विधि है:
   (A) यादृच्छिक
   (B) सोद्देश्य
   (C) आनुपातिक
   (D) सुविधानुसार

5. प्रतिदर्श हो सकता है :
   (A) विजातीय
   (B) सजातीय
   (C) दोनों (A) और (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. Tippit table is :
   (A) A table of random numbers
   (B) Used in sampling method
   (C) Used in statistical investigations
   (D) All of the above

7. Which method of sampling is not based on Probability Sampling ?
   (A) Random Sampling
   (B) Stratified Sampling
   (C) Systematic Sampling
   (D) Quota Sampling

8. Characteristics of Good Sample are/is :
   (A) Clarity
   (B) Stability
   (C) Flexibility
   (D) All of the above

9. Population in Educational Research is :
   (A) All the units
   (B) Elites
   (C) Male, female and children
   (D) All of the above

10. Experimental Research is not a :
   (A) Laboratory Research
   (B) Survey Research
   (C) Field Studies
   (D) Field Experiment Research

6. टिप्पिट टेबल है :
   (A) यादृच्छ संख्या तालिका
   (B) प्रतिदर्श चयन विधि में प्रयुक्त
   (C) सांख्यिकी जाँच में प्रयुक्त
   (D) उपर्युक्त सभी

7. संभाव्यता पर आधारित प्रतिदर्श चयन विधि नहीं है :
   (A) यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन विधि
   (B) स्तरित प्रतिदर्श चयन विधि
   (C) व्यवस्थित प्रतिदर्श चयन विधि
   (D) आनुपातिक प्रतिदर्श चयन विधि

8. अच्छे प्रतिदर्श की विशेषतायें हैं :
   (A) स्पष्टता
   (B) स्थिरता
   (C) लचीलापन
   (D) उपरोक्त सभी

9. शैक्षिक अनुसंधान में जनसंख्या है :
   (A) सभी इकाईयाँ
   (B) अभिजात्य वर्ग
   (C) पुरूष, स्त्री और बच्चे
   (D) उपरोक्त सभी

10. प्रयोगात्मक अनुसंधान नहीं है एक :
   (A) प्रयोगशाला अनुसंधान
   (B) सर्वेक्षण अनुसंधान
   (C) क्षेत्र अध्ययन
   (D) क्षेत्र प्रयोग अनुसंधान

11. Age of person is :
(A) Continuous variable
(B) Discrete variable
(C) Qualitative variable
(D) All of the above

11. व्यक्ति की आयु है :
(A) सतत् चर
(B) असतत् चर
(C) गुणात्मक चर
(D) उपरोक्त सभी

12. Which variable is tested by researcher ?
(A) Independent variable
(B) Dependent variable
(C) Extraneous variable
(D) Intervening variable

12. अनुसंधानकर्ता के द्वारा कौन सा चर परीक्षित किया जाता है ?
(A) स्वतन्त्र चर
(B) आश्रित चर
(C) बाह्य चर
(D) मध्यवर्ती चर

13. According to Festinger and D. Katz how many types of research designs in Survey Research ?
(A) Two
(B) Four
(C) Five
(D) Seven

13. फेस्टिंगर एवम् डी० कॉट्ज के अनुसार सर्वेक्षण अनुसंधान में कितने प्रकार के शोध अभिकल्प होते हैं ?
(A) दो
(B) चार
(C) पाँच
(D) सात

14. Other names of follow-up studies is/are :
(A) Cohert studies
(B) Panel studies
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

14. अनुवर्ती अध्ययन के अन्य नाम हैं/है :
(A) कोहर्ट स्टडी
(B) पैनल स्टडी
(C) दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. Sri Aurobindo Ashram system is an example of :

(A) Fundamental Research

(B) Applied Research

(C) Action Research

(D) None of the above

15. श्री अरविन्द आश्रम प्रणाली एक उदाहरण है :

(A) मौलिक शोध का

(B) व्यवहृत शोध का

(C) क्रियात्मक शोध का

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. Philosophical method of Research is used in :

(A) To study educational ideas of great philosophers

(B) To study about past events of country

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

16. अनुसंधान की दार्शनिक विधि का उपयोग किया जाता है :

(A) महान चिन्तकों के विचारों का अध्ययन करने हेतु

(B) राष्ट्र की अतीत घटनाओं का अध्ययन करने हेतु

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न तो (A) न ही (B)

17. Survey research studies :

(A) Events

(B) Circumstances

(C) Processes

(D) Populations

17. सर्वेक्षण अनुसंधान में अध्ययन किया जाता है :

(A) घटनाओं का

(B) परिस्थितियों का

(C) प्रक्रियाओं का

(D) जनसंख्या का

18. Long term studies are called :

(A) Horizontal Researches

(B) Cross Sectional Researches

(C) Longitudinal Researches

(D) Experimental Researches

18. लम्बे समय तक की जाने वाली शोध प्रक्रिया कहलाती है :

(A) क्षैतिज अनुसंधान

(B) अनुप्रस्थ काट अनुसंधान

(C) लम्बवत् अनुसंधान

(D) प्रयोगात्मक अनुसंधान

19. In Historical research we study about :
  (A) Past events
  (B) Present events
  (C) Both (A) and (B)
  (D) None of the above

19. ऐतिहासिक अनुसंधान में हम अध्ययन करते हैं:
  (A) अतीत की घटनाओं का
  (B) वर्तमान की घटनाओं का
  (C) दोनों (A) और (B)
  (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. Primary Data of the research can be collected through :
  (A) Experiment
  (B) Survey
  (C) Both (A) & (B)
  (D) None of these

20. अनुसंधान का प्राथमिक स्रोत एकत्र किया जाता है :
  (A) प्रयोग द्वारा
  (B) सर्वेक्षण द्वारा
  (C) दोनों (A) और (B)
  (D) इनमें से कोई नहीं

21. What type of Research is-'A study of Personality of Intermediate Students' ?
  (A) Fundamental Research
  (B) Applied Research
  (C) Action Research
  (D) None of the above

21. माध्यमिक स्तर के छात्र एवम् छात्राओं के व्यक्तित्व का अध्ययन किस प्रकार का अनुसंधान है ?
  (A) मौलिक अनुसंधान
  (B) व्यवहृत अनुसंधान
  (C) क्रियात्मक अनुसंधान
  (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. Non Experimental Research is :
  (A) Field Experiment Research
  (B) Case study
  (C) Field study
  (D) None of the above

22. अप्रायोगिक अनुसंधान है :
  (A) क्षेत्र प्रयोग अनुसंधान
  (B) व्यष्टि अध्ययन
  (C) क्षेत्र अध्ययन
  (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

23. The main characteristic of ExperimentalResearch is :

(A) To manipulate variables
(B) Randomization
(C) Generalization
(D) To select a problem

24. The objective of Educational Research is:

(A) To know about the problems of country
(B) To solve social problems
(C) To know about psychological problems
(D) None of the above

25. Action research means :

(A) A longitudinal research
(B) An applied research
(C) Research which initiated to solve immediate problems
(D) All of the above

26. Which process is not necessary in Experimental Research ?

(A) Observation
(B) Control
(C) Manipulation in variable
(D) Documentary Analysis

23. प्रायोगिक अनुसंधान की मुख्य विशेषता है:

(A) चरों में हेर फेर करना
(B) यादृच्छीकरण
(C) सामान्यीकरण
(D) समस्या चयन करना

24. शैक्षिक अनुसंधान का उद्देश्य है:

(A) देश की समस्याओं के विषय में जानना
(B) सामाजिक समस्याओं को हल करना
(C) मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जानना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. क्रियात्मक अनुसंधान का अर्थ है:

(A) लम्बवत् अनुसंधान
(B) व्यवहृत अनुसंधान
(C) अनुसंधान जो तात्कालिक समस्याओं को हल करने हेतु किया जाये
(D) उपरोक्त सभी

26. प्रयोगात्मक शोध में कौन सी प्रक्रिया आवश्यक नहीं है ?

(A) प्रेक्षण
(B) नियंत्रण
(C) चरों मे हेर–फेर
(D) विषय वस्तु विश्लेषण

27. Qualitative Research is :

(A) Collection of numerical Data and Analysis

(B) Analysis based on qualities of variables

(C) Both of above

(D) None of the above

27. गुणात्मक अनुसंधान है :

(A) संख्यात्मक तथ्यों का संग्रह व विश्लेषण

(B) चरों का गुणों के आधार पर विश्लेषण

(C) उपरोक्त दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. Number of students in a class is an example of :

(A) Continuous variable

(B) Discrete variable

(C) Qualitative variable

(D) None of the above

28. कक्षा में छात्रों की संख्या एक उदाहरण है :

(A) सतत् चर

(B) असतत् चर

(C) गुणात्मक चर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. Educational Research is started from :

(A) Problem

(B) Hypothesis

(C) Variables

(D) Generalization

29. शैक्षिक शोध का प्रारम्भ होता है :

(A) समस्या से

(B) परिकल्पना से

(C) चरों से

(D) सामान्यीकरण से

30. Hypothesis formation is :

(A) Logical process

(B) Scientific process

(C) Constructive process

(D) Spiritual process

30. परिकल्पना निर्माण है :

(A) तार्किक प्रक्रिया

(B) वैज्ञानिक प्रक्रिया

(C) रचनात्मक प्रक्रिया

(D) आध्यात्मिक प्रक्रिया

31. Which is not the step of scientific research :

(A) Observation

(B) Classification

(C) Generalization

(D) Socialization

31. वैज्ञानिक शोध का चरण नहीं है :

(A) प्रेक्षण

(B) वर्गीकरण

(C) सामान्यीकरण

(D) समाजीकरण

32. The mandatory characteristic of Research is :

(A) Usability

(B) Subjectivity

(C) Generalization

(D) Repetition

32. अनुसंधान की अनिवार्य विशेषता है :

(A) उपयोगिता

(B) आत्मनिष्ठता

(C) सामान्यीकरण

(D) पुनरावृत्ति

33. Research papers publish in :

(A) Books

(B) Magazines

(C) Journals

(D) News papers

33. शोध पत्र प्रकाशित होते हैं :

(A) पुस्तकों में

(B) पत्रिकाओं में

(C) जर्नल्स में

(D) समाचार पत्रों में

34. Primary sources are/is :

(A) Journals

(B) Encyclopedia

(C) Articles

(D) Monographs

34. प्राथमिक स्रोत हैं :

(A) जर्नल्स

(B) इनसाइक्लोपीडिया (विश्वकोष)

(C) लेख

(D) मोनोग्राफ

35. The source of related Literature is :

(A) Library

(B) Internet

(C) Survey of researches

(D) All of the above

35. सम्बन्धित साहित्य का स्रोत है :

(A) पुस्तकालय

(B) इंटरनेट

(C) अनुसंधान सर्वेक्षण

(D) उपरोक्त सभी

36. Meaning of Data is :

(A) Facts

(B) Truths

(C) Observations

(D) Marks obtained

36. प्रदत्त का अर्थ है :

(A) तथ्य

(B) सत्य

(C) प्रेक्षित आंकड़े

(D) प्राप्तांक

37. The other name of Null Hypothesis is :

(A) Directional Hypothesis

(B) Non Directional Hypothesis

(C) Statistical Hypothesis

(D) Positive Hypothesis

37. शून्य परिकल्पना का अन्य नाम है :

(A) सदिश परिकल्पना

(B) अदिश परिकल्पना

(C) सांख्यिकी परिकल्पना

(D) धनात्मक परिकल्पना

38. Hypothesis should be :

(A) Proposed solution of the problem

(B) Statement whose validity to be tested

(C) (A) & (B) both

(D) None of the above

38. परिकल्पना होनी चाहिये :

(A) समस्या का प्रस्तावित हल

(B) परीक्षण योग्य कथन

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

39. A Research Hypothesis cannot take in the following form :

(A) Null form

(B) Problem form

(C) Question form

(D) Form of statement

39. एक शोध परिकल्पना किस रूप में नहीं ली जा सकती :

(A) नकारात्मक रूप में

(B) समस्या के रूप में

(C) प्रश्न के रूप में

(D) कथन के रूप में

40. A Null hypothesis is :

(A) Hypothesis of no difference

(B) Hypothesis that assigns value of zero to the variable

(C) Hypothesis of zero significance

(D) All of the above

40. शून्य परिकल्पना है :

(A) कोई अन्तर नहीं की परिकल्पना

(B) परिकल्पना जो चर को शून्य मान प्रदान करती है

(C) शून्य महत्व की परिकल्पना

(D) उपरोक्त सभी

41. A Hypothesis for a research is :

(A) Statement of problem

(B) Limitation of problem

(C) Assumed solution of problem

(D) All of the above

41. एक अनुसंधान के लिये परिकल्पना है :

(A) समस्या कथन

(B) समस्या का सीमांकन

(C) समस्या का संभावित समाधान

(D) उपरोक्त सभी

42. Research is essential in the field of Education :

(A) For solving the problems of Education

(B) For improvement in teaching learning process

(C) For innovations in the field of Education

(D) All of the above

42. शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान आवश्यक है :

(A) शैक्षिक समस्याओं के समाधान हेतु

(B) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार हेतु

(C) शिक्षा के क्षेत्र में नयी खोज हेतु

(D) उपरोक्त सभी

43. The Data of research is generally find from :

(A) Questionnaire

(B) Observation

(C) Interview

(D) All of the above

43. शोध की आधार सामग्री प्राप्त की जाती है :

(A) प्रश्नावली से

(B) प्रेक्षण से

(C) साक्षात्कार से

(D) उपरोक्त सभी

44. It is not a quality of Good researcher :

(A) Attractive personality

(B) Thinking

(C) Logical

(D) Patience

44. अच्छे शोधकर्ता का आवश्यक गुण नहीं है :

(A) आकर्षक व्यक्तित्व

(B) विचारशीलता

(C) तर्क शक्ति

(D) धैर्य

45. The Goal of a good research is :

(A) Solving Problems of Life

(B) Development of theory and Generalization

(C) Welfare of Society

(D) None of the above

45. एक अच्छे अनुसंधान का लक्ष्य होता है :

(A) जीवन की समस्याओं को सुलझाना

(B) सिद्धान्तों का विकास एवम् सामान्यीकरण करना

(C) समाज की भलाई करना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. The word 'Research' means :

(A) To get

(B) To know

(C) To move

(D) To behave

46. 'रिसर्च' शब्द का अर्थ है :

(A) प्राप्त करना

(B) जानना

(C) गति करना

(D) व्यवहार करना

47. The aims of research is/are :

(A) Facts finding
(B) Theoretical development
(C) Verification
(D) All of the above

47. अनुसंधान का/के उद्देश्य है/हैं :

(A) तथ्यों की प्राप्ति
(B) सिद्धान्तों का विकास
(C) सत्यापन
(D) उपरोक्त सभी

48. The Data of research is generally :

(A) Qualitative only
(B) Quantitative only
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

48. अनुसंधान की आधार सामग्री सामान्यतः होती है :

(A) गुणात्मक
(B) परिमाणात्मक
(C) दोनों (A) और (B)
(D) न (A) नही (B)

49. A research is based on :

(A) Ideas of the scientists
(B) Experiments
(C) Scientific methods
(D) Some general principles

49. अनुसंधान आधारित है :

(A) वैज्ञानिकों के विचारों पर
(B) प्रयोगों पर
(C) वैज्ञानिक विधियों पर
(D) सामान्य सिद्धान्तों पर

50. Research is :

(A) A methodology of enquiry
(B) A systematic exploration of facts
(C) Search of truth
(D) All of the above

50. अनुसंधान है :

(A) जाँच की क्रियाविधि
(B) तथ्यों का क्रमबद्ध अन्वेषण
(C) सत्य की खोज
(D) उपरोक्त सभी

51. Computer database searches can be done :
(A) e-Library
(B) Online
(C) With a computer with C.D. Rom Drive
(D) All of the above

51. कम्प्यूटर डेटाबेस की खोज की जाती है :
(A) ई–पुस्तकालय
(B) ऑनलाइन
(C) कम्प्यूटर में सी० डी० रोम ड्राइव में
(D) उपरोक्त सभी

52. One step which is not included in planning a research study ?
(A) Identifying a problem
(B) Survey of related literature
(C) Statement of research question
(D) Conducting a meta analysis of research

52. शोध की योजना में एक चरण को सम्मिलित नहीं किया जाता है ?
(A) समस्या की पहचान
(B) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण
(C) शोध प्रश्न के कथन में
(D) शोध की तात्विक विश्लेषण की क्रिया

53. Paradigm of research is :
(A) A model
(B) A Pattern
(C) A Theory
(D) All of the above

53. शोध का पैराडाइम है :
(A) एक प्रतिमान
(B) एक प्रतिरूप
(C) एक सिद्धान्त
(D) उपरोक्त सभी

54. The research participants are described in detail in which section of research ?
(A) Data Analysis
(B) Method of research
(C) Introduction
(D) Objectives

54. शोध के किस भाग में शोध प्रतिभागियों का विस्तृत वर्णन किया जाता है ?
(A) प्रदत्त विश्लेषण
(B) शोध विधि
(C) प्रस्तावना
(D) उद्देश्य

55. Which is not a synonym of independent variable :
(A) Stimulus
(B) Manipulated
(C) Consequences
(D) Presumed cause

55. स्वतंत्र चर का पर्यायवाची नहीं है :
(A) उत्प्रेरक
(B) हेर–फेर योग्य
(C) निष्कर्ष
(D) परिकल्पित प्रभाव

56. Cross Sectional research is defined as :
(A) A study of one particular section of society
(B) A comparison of two or more variables over a long period of time
(C) The collection of data from one group/case at one moment in time
(D) None of the above

56. अनुप्रस्थ काट अनुसंधान परिभाषित किया जाता है :
(A) समाज के एक विशेष वर्ग का अध्ययन
(B) दो या अधिक चरों का लम्बे समय तक तुलनात्मक अध्ययन
(C) एक विशिष्ट समय पर किसी समूह का प्रदत्त एकत्र करना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. Cross Cultural Studies are an example of :
(A) Case Study
(B) Comparative Study
(C) Experimental Study
(D) Longitudinal Study

57. विभिन्न संस्कृतियों के आदान प्रदान पर आधारित अध्ययन है :
(A) व्यष्टि अध्ययन
(B) तुलनात्मक अध्ययन
(C) प्रयोगात्मक अध्ययन
(D) लम्बवत् अध्ययन

58. Which is not a type of probability sampling :
(A) Random
(B) Cluster
(C) Snowball
(D) Stratified

58. संभाव्यता पर आधारित न्यादर्श का प्रकार नहीं है :
(A) यादृच्छ
(B) गुच्छ
(C) स्नोबॉल
(D) स्तरित

59. Which research procedure will figure under post positive approach :
(A) Experimental research
(B) Ex Post Facto research
(C) Ethnographic research
(D) Historical research

59. पश्च प्रत्यक्षवाद उपागम को कौन सी अनुसंधान प्रक्रिया दर्शायेगी :
(A) प्रयोगात्मक अनुसंधान
(B) घटनोत्तर अनुसंधान
(C) नृजातीय अनुसंधान
(D) ऐतिहासिक अनुसंधान

60. Which is a function of theory ?

(A) Making Predictions

(B) Explaining Phenomenon

(C) Integration of Current Knowledge

(D) All of the above

60. सिद्धान्त का कौन सा कार्य है ?

(A) भविष्यवाणी करना

(B) तथ्यों की व्याख्या करना

(C) वर्तमान ज्ञान का एकीकरण

(D) उपरोक्त सभी

61. A Good researcher :

(A) Tries to understand great details about a specific area

(B) Tries to understand minute details about a specific area

(C) Tries to understand several areas at basic level

(D) Tries to understand an area of his interest

61. एक अच्छा शोधकर्ता :

(A) एक विशिष्ट क्षेत्र की वृहत जानकारी को समझने का प्रयास करता है।

(B) एक विशिष्ट क्षेत्र की सूक्ष्मतम् जानकारी को समझने का प्रयास करता है।

(C) आधारभूत स्तर पर कई क्षेत्रों को समझने का प्रयास करता है।

(D) अपने रूचि के क्षेत्र को समझने का प्रयास करता है।

62. Which is not a research method ?

(A) Historical

(B) Observation

(C) Comparative

(D) Correlational

62. कौन सी अनुसंधान विधि नहीं है ?

(A) ऐतिहासिक

(B) प्रेक्षण

(C) तुलनात्मक

(D) सह सम्बन्धात्मक

63. Watson and McGrath defined research as :

(A) Use of Scientific methods

(B) Use of Exploratory methods

(C) An Intellectual exercise

(D) None of the above

63. वॉटसन एवं मैकग्राथ ने शोध को परिभाषित किया :

(A) वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग

(B) खोजपूर्ण विधियों का प्रयोग

(C) एक बौद्धिक अभ्यास

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. What type of knowledge is appropriate for a positivist :

(A) To gain Knowledge from Society

(B) To gain Experienced Knowledge

(C) To gain Knowledge by positive thinking

(D) To gain Posteriori Knowledge

64. प्रत्यक्षवादी के लिये कौन सा ज्ञान सर्वश्रेष्ठ हैः

(A) समाज से ज्ञान प्राप्त करना

(B) अनुभव जन्य ज्ञान प्राप्त करना

(C) सकारात्मक सोच के द्वारा ज्ञान प्राप्त करना

(D) अनुभव स्रावित ज्ञान प्राप्त करना

65. Drawback of case study is :

(A) Subjectivity

(B) Limited scope of study

(C) (A) and (B) both

(D) None of the above

65. व्यष्टि अध्ययन में कमी है :

(A) आत्मनिष्ठता

(B) सीमित अध्ययन क्षेत्र

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. In historical research criticism is of :

(A) Two types

(B) Four types

(C) Three types

(D) Five types

66. ऐतिहासिक अनुसंधान में समीक्षा होती है :

(A) दो प्रकार की

(B) चार प्रकार की

(C) तीन प्रकार की

(D) पाँच प्रकार की

67. In order to start the research which of the following is required :

(A) Formulation a research question

(B) Developing a research design

(C) Deciding about the data analysis

(D) Formulating a research hypothesis

67. अनुसंधान प्रारम्भ करते समय निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है :

(A) शोध प्रश्न का निर्माण

(B) शोध अभिकल्प का विकास

(C) प्रदत्त विश्लेषण के विषय में निश्चित करना

(D) परिकल्पना निर्माण

68. Objectives of case study is/are :

(A) Clinical objectives

(B) Diagnostic objectives

(C) Psychological objectives

(D) All of the above

68. व्यष्टि अध्ययन के उद्देश्य हैं :

(A) उपचारात्मक उद्देश्य

(B) निदानात्मक उद्देश्य

(C) मनोवैज्ञानिक उद्देश्य

(D) उपरोक्त सभी

69. Types of ex post facto are/is :

(A) Correlation research design

(B) Criterion Group research design

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

69. घटनोत्तर प्रारूप के प्रकार हैं :

(A) सहसम्बन्ध प्रारूप शोध अभिकल्प

(B) मानक समूह प्रारूप शोध अभिकल्प

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. Cross Sectional research is related with :

(A) Statistics

(B) Sample

(C) Value

(D) Process

70. अनुप्रस्थ काट अनुसंधान का सम्बन्ध______ से है :

(A) सांख्यिकी

(B) न्यादर्श

(C) मूल्य

(D) प्रक्रिया

71. A research is :

(A) Invent again and again

(B) To solve a problem

(C) Scientific enquiry of new truth

(D) To Experiment

71. एक अनुसंधान है :

(A) बार–बार खोजना

(B) समस्या का हल खोजना

(C) नये सत्य की वैज्ञानिक खोज

(D) प्रयोग करना

72. Who said, "The problem is a proposed question for solution" ?

(A) Fred N. Kurlinger

(B) J.C. Almak

(C) John W. Best

(D) John C. Torensand

72. किसने कहा, "समस्या हल के लिये एक संभावित प्रश्न है" ?

(A) फ्रेड एन० कर्लिंजर

(B) जे० सी० आलमेक

(C) जॉन डब्ल्यू बेस्ट

(D) जॉन सी० टोरनसैण्ड

73. Which of the following variables can not be expressed in quantitative terms :

(A) Numerical aptitude

(B) Marital status

(C) Socio-economic status

(D) Professional attitude

73. निम्नलिखित में से कौन से चर को मात्रात्मक रूप में नहीं व्यक्त किया जा सकता :

(A) संख्यात्मक कौशल

(B) वैवाहिक स्थिति

(C) सामाजिक–आर्थिक स्थिति

(D) व्यावसायिक अभिवृत्ति

74. Factorial Analysis is used :

(A) To know the relationship between two variables

(B) To test the hypothesis

(C) To know the difference among many variables

(D) To know the difference between two variables

74. कारक विश्लेषण का प्रयोग होता है :

(A) दो चरों के बीच सम्बन्ध जानने हेतु

(B) परिकल्पना परीक्षण हेतु

(C) कई चरों के बीच अन्तर जानने हेतु

(D) दो चरों के बीच अन्तर जानने हेतु

75. Sampling error decreases when :

(A) Decrease in sample size

(B) Increase in sample size

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

75. न्यादर्श त्रुटि घट जाती है जब :

(A) न्यादर्श का आकार घट जाये

(B) न्यादर्श का आकार बढ़ जाये

(C) दोनों (A)और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. 'Ex-Post-Facto' word is :

(A) Greek

(B) Latin

(C) French

(D) English

76. 'एक्स पोस्ट फेक्टो' शब्द है :

(A) ग्रीक

(B) लेटिन

(C) फ्रेंच

(D) अंग्रेजी

77. The selected problem in research must have :

(A) Values

(B) Facts

(C) Novelty

(D) Speed

77. अनुसंधान की चयनित समस्या होनी चाहिये :

(A) मूल्यों से पूर्ण

(B) तथ्यपूर्ण

(C) नवीन

(D) गतिशील

78. Good research is always :

(A) Systematic

(B) Narrow

(C) Slow

(D) Fast

78. अच्छा अनुसंधान सदैव होता है :

(A) व्यवस्थित

(B) संकीर्ण

(C) धीमा

(D) तेज

79. A research paper is based on :

(A) Primary Data

(B) Secondary Data

(C) Both (A)and (B)

(D) None of the above

79. शोध पत्र का आधार है :

(A) प्राथमिक आंकड़े

(B) द्वितीयक आंकड़े

(C) (A)और (B)दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

80. Population Census is an example of :

(A) Clinical research

(B) Empirical research

(C) Diagnostic research

(D) Survey research

80. जनसंख्या जनगणना काएक उदाहरण है :

(A) उपचारात्मक अनुसंधान

(B) आनुभविक अनुसंधान

(C) निदानात्मक अनुसंधान

(D) सर्वेक्षण अनुसंधान

81. The main concept behind doing researches is to :

(A) Get new ideas

(B) Study and explore knowledge

(C) Start with a pre defined objective

(D) All of the above

81. अनुसंधान करने के पीछे मुख्य धारणा है :

(A) नये विचारों की प्राप्ति

(B) ज्ञान का अध्ययन एवं विकास

(C) एक पूर्व निर्मित उद्देश्य से प्रारम्भ

(D) उपरोक्त सभी

82. Major drawback to researches in India is :

(A) Lack of sufficient research guides

(B) Lack of sufficient number of Universities

(C) Lack of scientific training in research

(D) Lack of sufficient funds

82. भारत में अनुसंधान क्षेत्र की प्रमुख कमी है :

(A) शोध पर्यवेक्षकों की कमी

(B) विश्वविद्यालयों की संख्या पर्याप्त न होना

(C) शोध में वैज्ञानिक प्रशिक्षण की कमी

(D) पर्याप्त धन की कमी

83. The first step of research is :

(A) Selecting a problem
(B) Identifying a problem
(C) Finding a problem
(D) Searching a problem

84. The best way in selection of a research problem is :

(A) To take advise from amide
(B) To think on research papers published in Journals
(C) To council with librarian
(D) To think about problems of education

85. A Theory is defined as :

(A) Set of systematically related statements
(B) Law like generalization
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

86. Research Design is :

(A) Collection of Data
(B) Hypothesis formulation
(C) Inferences after research
(D) An activity before research work keeping in view of the objectives

83. अनुसंधान का प्रथम चरण है :

(A) एक समस्या का चयन
(B) एक समस्या की पहचान
(C) एक समस्या की प्राप्ति
(D) एक समस्या की खोज

84. शोध समस्या के चुनाव का सर्वश्रेष्ठ तरीका है :

(A) शोध निर्देशक से सलाह लेना
(B) शोध पत्रिका में प्रकाशित शोध पत्रों पर चिन्तन
(C) पुस्तकालय अध्यक्ष से परामर्श
(D) शिक्षा की समस्याओं पर चिन्तन

85. एक सिद्धान्त को परिभाषित किया जाता है :

(A) कथनों से सम्बन्धित व्यवस्थित समुच्चय
(B) सामान्यीकरण का नियम
(C) दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. शोध अभिकल्प है :

(A) प्रदत्तों का एकत्रीकरण
(B) परिकल्पना निर्माण
(C) शोध कार्य के बाद निष्कर्ष
(D) शोध कार्य से पूर्व उद्देश्य निर्धारित करके बनायी गयी रूपरेखा

87. Which has a great impact in the mind of the researcher :

(A) Journals

(B) Finance

(C) Library

(D) References

87. एक शोधकर्ता के मस्तिष्क को सर्वाधिक प्रभावित करते हैं :

(A) जर्नल्स

(B) वित्त

(C) पुस्तकालय

(D) संदर्भ

88. Ethnological research describes about :

(A) Culture

(B) Way of life

(C) Process

(D) Both (A) and (B)

88. 'नृजातीय' शोध वर्णन करता है :

(A) संस्कृति के विषय में

(B) रहन–सहन के विषय में

(C) प्रक्रिया के विषय में

(D) (A)और (B)दोनों

89. Which of the following is most likely to make use of the internet :

(A) Seminar

(B) Web Conference

(C) Symposium

(D) All of the above

89. इंटरनेट का उपयोग सर्वाधिक किया जाता है :

(A) सेमिनार में

(B) वेब सम्मेलन में

(C) संगोष्ठी में

(D) उपरोक्त सभी में

90. Bibliography is a mandatory part of :

(A) Thesis

(B) Synopsis

(C) Research Paper

(D) All of the above

90. संदर्भ ग्रंथ सूची आवश्यक अंग है :

(A) शोध ग्रन्थ का

(B) सिनोप्सिस का

(C) शोध प्रपत्र का

(D) उपरोक्त सभी

91. Format of APA Style is :

(A) Author's last name, First initial (year) Book title, City of Publication, Publishing Company, Pg. No.

(B) Author's first name, Last initial Book title, Publication Company, City of Publication, Pg. No.

(C) Author's last name, First initial, Book title, City of Publication, Publishing Company (Year)

(D) None of the above

91. APAप्रणाली में प्रारूप है :

(A) लेखक का कुल नाम, नाम (वर्ष), पुस्तक का नाम, प्रकाशन स्थान, प्रकाशन का नाम, पेज नं०

(B) लेखक का नाम, कुल नाम, पुस्तक का नाम, प्रकाशन का नाम, प्रकाशन स्थान, पेज नं०

(C) लेखक का कुल नाम, नाम, पुस्तक का नाम, प्रकाशन स्थान, प्रकाशन का नाम (वर्ष)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

92. Which of the following is published in a Journal :

(A) Article

(B) Research Paper

(C) Both (A)&(B)

(D) None of the above

92. निम्नलिखित में से क्या जर्नल्स में प्रकाशित होता है :

(A) लेख

(B) शोधपत्र

(C) दोनों (A)और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

93. APA Style means :

(A) American Psychological Association

(B) American Philosophical Association

(C) American Planning Association

(D) American Political Association

93. APA प्रणाली का अर्थ है :

(A) अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन

(B) अमेरिकन फिलोसोफिकल एसोसिएशन

(C) अमेरिकन प्लानिंग एसोसिएशन

(D) अमेरिकन पॉलिटिकल एसोसिएशन

94. Time Series research design is :

(A) True Experimental Design

(B) Quasi Experimental Design

(C) Pre Experimental Design

(D) None of the above

94. कालानुक्रम शोध अभिकल्प है :

(A) वास्तविक प्रयोग अभिकल्प

(B) प्रयोग सदृश अभिकल्प

(C) पूर्व प्रयोग अभिकल्प

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

95. Pre test, Post test randomized matching control group design is an example of :

(A) Pre Experimental Design

(B) Quasi Experimental Design

(C) Ex Post Facto Experimental Design

(D) True Experimental Design

95. पूर्व–पश्चात परीक्षण पर आधारित यादृच्छिक नियंत्रित समूह अभिकल्प एक उदाहरण है :

(A) पूर्व प्रयोग अभिकल्प

(B) प्रयोग सदृश अभिकल्प

(C) कार्योन्तर अभिकल्प

(D) वास्तविक प्रयोग अभिकल्प

96. Purpose of Research Design is :

(A) Controlling the variance

(B) Providing answers of research questions

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

96. शोध अभिकल्प का उद्देश्य है :

(A) चरों को नियन्त्रित करना

(B) शोध प्रश्नों के उत्तर प्रदान करना

(C) दोनों (A)और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

97. Research design is :

(A) A structure

(B) An strategy

(C) A plan

(D) All of the above

97. शोध अभिकल्प है :

(A) एक संरचना

(B) एक व्यूह रचना

(C) एक योजना

(D) उपरोक्त सभी

98. For the population with finite size which of the following sampling methodizes generally preferred :

(A) Cluster sampling

(B) Area sampling

(C) Systematic sampling

(D) Purposive sampling

98. सीमित जनसंख्या के लिए सामान्यतः किस प्रतिदर्श चयन विधि को प्राथमिकता दी जाती है :

(A) गुच्छ प्रतिदर्श चयन

(B) क्षेत्र प्रतिदर्श चयन

(C) व्यवस्थित प्रतिदर्श चयन

(D) सोद्देश्य प्रतिदर्श चयन

99. Methods of Random Sampling are/is :

(A) Lottery method

(B) Coin method

(C) Tippit table of random digits

(D) All of the above

99. यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन की विधि है/विधियाँ हैं :

(A) लॉटरी विधि

(B) सिक्का उछाल विधि

(C) टिप्पेट तालिकायें

(D) उपरोक्त सभी

100. Which is not a speciality of good sample :

(A) Unbiased

(B) Complete or sufficient

(C) Subjectivity

(D) Representative of population

100. अच्छे न्यादर्श की विशेषता नहीं है :

(A) पक्षपात रहित

(B) पूर्ण या पर्याप्त

(C) आत्मनिष्ठता

(D) प्रतिनिधि (सम्पूर्ण जनसंख्या का)

******

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.